


डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 319 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | बुधवार 04 सितम्बर 2024 | मूल्य 2 रुपया

आवश्यकता है
दैनिक गुरु एक्सप्रेस
आफिस में कार्य करने हेतु युवक की आवश्यकता है।
वेतन योग्यता अनुसार
संपर्क
संपर्क समय- शाम 4 से 6 बजे तक
कार्यालय दैनिक गुरु एक्सप्रेस
9425105928, 8319964648

## कॉम्बिंग गश्त: एसपी के सामने नंबर बढ़ाने की कोशिश..?

### बिजली बिल भरने के बाद भी जैल में गुजारना पड़ी रात..!

**मंदसौर, 03 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** कॉम्बिंग गश्त में पुलिस ने सैकड़ों बदमाशों को गिरफ्तार किया। जिलेभर में स्थायी, अस्थायी वारंटियों की धडल्ले से गिरफ्तारी की गई। लेकिन, इसमें पुलिस कप्तान के सामने नंबर बढ़ाने के लिए पुलिस के कुछ अधिकारी कर्मचारियों ने प्रयास किया। खामियाजा कई लोगों को भुगतना पड़ा। बिजली बिल भरने के बाद भी जैल में एक नहीं दो रात गुजारना पड़ी। इस मामले में दोषी मप्रविविकं के अधिकारी भी रहे।

मामला बिजली विभाग से जुड़ा है। बिजली विभाग ने जिलेभर में बिजली बिल नहीं भरने वालों के खिलाफ केस दर्ज कराया था। इसमें ग्रामीण क्षेत्रों के अलावा शहरी क्षेत्र के भी कई लोग थे। केस दर्ज कराने के बाद कई लोगों ने बिल भरकर रसीद भी प्राप्त कर ली। इसके बाद मप्रविविकं को न्यायालय को इस बात से अवगत कराना था। जबकि, बिल भरने के बाद भी वह पुलिस की नजर में वारंटी ही थे। इधर कॉम्बिंग गश्त में पुलिस ने शनिवार को जमकर आरोपियों की धरपकड़ की। स्थायी, अस्थायी वारंटियों को बड़ी संख्या में पकड़ा। अब हुआ यह कि पुलिस की वारंटियों की लिस्ट में बिजली बिल भर चुके लोग भी शामिल थे। मप्रविविकं ने न्यायालय को बिल भरने संबंधित जानकारी से अगवत ही नहीं कराया। पुलिस उनके घर पहुंची तो लोगों ने रसीद बताई। लेकिन, पुलिस वालों ने भी नए पुलिस कप्तान के सामने नंबर बढ़ाने के लिए किसी एक नहीं सुनी। अब शनिवार को कार्रवाई हुई। मामला सेशन कोर्ट से जुड़ा है। इसलिए रविवार को जमानत होना संभव नहीं था। एक



आदतन अपराधी की तरह इन लोगों को जैल में डाल दिया गया। जैल में दो रात गुजारने के बाद मंगलवार को इन लोगों को जमानत मिली। कहीं न कहीं पुलिस को भी इस मामले में मानवीयता बरतने की जरुरत थी। रसीद दिखाने के बाद रियायत दी जा सकती थी। लेकिन, पुलिस कप्तान के सामने नंबर बढ़ाने के लिए संख्या बढ़ाना पुलिस वालों ने ज्यादा जरुरी समझा?

### कोविड के बाद आई समझ में...

## साफ्ट ड्रिंक की जगह एनर्जी ड्रिंक ने ली, नारियल पानी की खपत बढ़ी



**मंदसौर, 03 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** नारियल सिर्फ गर्मी ही नहीं बल्कि सभी सीजन में शरीर के लिए लाभप्रद है। कोविड के बाद शहर में नारियल पानी की मांग बढ़ गई है। साफ्ट ड्रिंक की बजाय अब नारियल की डिमांड बढ़ गई है। चिकित्सक भी मरीजों को नारियल पानी सेवन करने की सलाह दे रहे हैं। नारियल पानी शरीर में पोषक तत्वों की कमी को पूरा करने में काफी कारगर है और यह कई बीमारियों को दूर करने में भी सहायक है। इसे अधिकांश लोग एनर्जी ड्रिंक के रूप में भी उपयोग करते हैं। व्यवसायियों की माने तो शहर में प्रतिदिन एक हजार नारियल पानी की खपत है। सीजन में यह संख्या और बढ़ जाती है। कुछ लोग चिकित्सकों की सलाह पर इसका सेवन करते हैं तो कुछ एनर्जी ड्रिंक के रूप में इसे ले रहे हैं।

**रोजाना हो रही खपत...**

नगर में तीन वर्ष से नारियल पानी का व्यवसाय करने वाले राकेश साहू का कहना है कि देश के अन्य हिस्सों से नारियल मंगाते हैं। कोविड के बाद से इसकी मांग बढ़ी है। प्रतिदिन की अलग-अलग खपत रहती है। कभी 70-80 तो कभी 100 से भी ज्यादा नारियल बिक जाते हैं। यह सेहत के लिए काफी फायदेमंद होता है।

**सीजन में ज्यादा बिक्री...**

फल व्यवसायी राकेश गुप्ता ने बताया कि व्रत व त्योहार सीजन में नारियल पानी की खपत बढ़ जाती है। आंध्रा व बैंगलोर से कच्चे भी नारियल आते हैं, लोग इसे एनर्जी ड्रिंक के रूप मे उपयोग करते हैं। प्रतिदिन औसतन 80-100 नारियल पानी की खपत है। कुछ लोग पार्सल कराते हैं और कुछ यहीं पर पीते हैं। चिकित्सकों के अनुसार मिनरल्स के रूप में नारियल पानी काफी एनर्जेटिक होता है। इसमें फास्फोरस, मैग्नीशियम सहित शरीर को आवश्यक अन्य तत्वों की मात्रा पाई जाती है, जो कि शरीर को एनर्जी प्रदान करती है। नारियल पानी डिहाइड्रेशन, पाचन क्रिया के अलावा अन्य बीमारियों में भी काफी कारगर है। इसके प्राकृतिक तत्व शरीर को ऊर्जा प्रदान करते हैं। नारियल पानी के साथ ही इसकी क्रीम भी काफी पोषक तत्वों से परिपूर्ण होती है जो शरीर के लिए काफी कारगर है। नारियल पानी के अलावा कच्चा व पका नारियल, इसका ऑयल भी स्वास्थ्य के लिए लाभप्रद है।



## मंगलवार शाम को झमाझम, अब दो दिन अच्छी बारिश के संकेत

### गरमी और उमस में नहीं आ रही कमी

**मंदसौर, 03 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** मौसम केन्द्र के मुताबिक आज और कल अर्थात बुधवार-गुरुवार को अच्छी बारिश के संकेत दिखाई दे रहे है। इधर गरमी और उमस से आमजन हलकान है, इसमें कमी नहीं आ रही है। सोमवार को दिनभर तेज धूप रही, शाम को अचानक से मौसम बदला और जिले के कई स्थान पर बारिश शुरू हुई। सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात रुक-रुक कर बारिश होती रही। मंगलवार सुबह आठ बजे तक पिछले 24 घंटे में जिले में पौन इंच के करीब बारिश दर्ज की गई है।

मंगलवार की सुबह तक जिले में 29.17 इंच औसत बारिश दर्ज की गई है। हालांकि, मंगलवार दोपहर बाद बादल छाए रहे। फिर भी गरमी और उमस में कोई कमी नहीं हुई। लेकिन, शाम करीब 6.50 बजे झमाझम का दौर शुरु हुआ। जो करीब 2 घंटे तक एक जैसा चला। इस दौरान कई इलाको में सड़को पर नदी की तरह पानी बहते हुए देखा गया। हमेशा की तरह चिन्हित स्थानो पर पानी भरा गया। धानमंडी पंप हाऊस के पंप भी काफी समय तक चलाए गए। देर रात तक कभी धीमा तो कभी तेज पानी गिरता रहा। मिड इंडिया अंडर ब्रिज में पानी भराने से उस मार्ग से आवागमन रोक दिया गया। लेकिन, इस स्थिति से निपटने के लिए कोई कारगर योजना अभी तक नगर पालिका के होनहार इंजीनियर नहीं बना पाए है। मौसम केन्द्रो के अनुसार इस दौरान करीब 1 इंच बारिश दर्ज की गई।





मौसम जानकारों के अनुसार 4-5 सितंबर को तेज बारिश का अनुमान है। सीनियर मौसम वैज्ञानिक वीएस यादव ने बताया, अभी तीव्र निम्न दाब क्षेत्र (डिप्रेशन) एक्टिव है। मानसून ट्रफ प्रदेश के रायसेन, छिंदवाड़ा से गुजर रही है। साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम की एक्टिविटी बनी हुई है। इस कारण प्रदेश में तेज बारिश हो रही है। अगले 2 दिन यह सिस्टम एक्टिव रहेगा। हालांकि, मंगलवार के बाद सिस्टम आगे बढ़ जाएगा।जिले में आज सुबह तक ओवरऑल 29.17 इंच (741 मिमी) औसत बारिश दर्ज की गई है। इधर चम्बल नदी पर बने गांधी सागर बांध का जलस्तर 1305.20 फीट पहुंच गया है। अगले दो दिन अच्छी बारिश हुई तो गांधी सागर के गेट खुल सकते है।

### मंदसौर के बाद नीमच की जनसुनवाई चर्चा में आई...

## 'अजगर' जैसे घिसटकर कलेक्टोरेट पहुंचा किसान

### करोड़ों के भ्रष्टाचार के सबूतों का पुलिंदा भी शरीर पर लपेटकर लाया

**नीमच, 03 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** बीते दिनो मंदसौर में जनसुनवाई के दौरान कलेक्टोरेट में लौट लगाते हुए एक पीडित पहुंचा था। मामला सोशल मीडिया पर खासा छाया रहा। इसके बाद हाथों हाथ मामले को दिखवाया गया। इसका मतलब साफ है कि प्रशासन जनसुनवाई में भी मामलो को गंभीरता से नहीं सुने तो अलग-अलग तरीकों से आवाज बुलंद की जाए और सोशल मीडिया के माध्यम से अधिकारियों तक पहुंचे। इस बार नीमच कलेक्टर कार्यालय में मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान एक फरियादी ऐसे ही अनोखे तरीके से विरोध प्रकट करते हुए शिकायत करने पहुंचा। दरअसल किसान मुकेश प्रजापत 'अजगर' की तरह जमीन पर घिसटते हुए पहुंचा। किसान मुकेश कई सालों से अलग-अलग दफ्तरों के चक्कर काट रहा था, लेकिन उसकी सुनवाई नहीं हो रही थी।

जिले की सिंगोली तहसील के गांव काकरिया तलाई निवासी मुकेश प्रजापत पिछले 07 वर्षों से कलेक्टर कार्यालय के चक्कर काट रहा है। जनसुनवाई में दर्जनों बार पंचायत में हुए भ्रष्टाचार को लेकर शिकायती आवेदन दे रहा है। हालांकि, जिम्मेदार अधिकारी केवल आश्वासन देते रहते। कार्रवाई और न्याय की आस में जब वह अगली जनसुनवाई में फिर पहुंचता तो फिर उसे नया आश्वासन दे दिया जाता था। मुकेश भ्रष्टाचार को अपने गांव से जड़ से खत्म करने के लिए मुहिम चलाए हुए है। जब उसे लगा की पानी सर के ऊपर गुजर गया और उसकी शिकायतों पर अधिकारी ध्यान नही दे रहे है और हल्के में ले रहे है। कोई उचित कार्यवाही नहीं कर पाए। मुकेश प्रजापति ने मंगलवार को कलेक्टर जनसुनवाई में एक अनोखे अंदाज में बिना शर्ट पहने सैकड़ों पुराने शिकायती आवेदनों की माला को पहनकर जमीन पर घसीटते हुए कलेक्टर कार्यालय परिसर में पहुंचा।

उसे देखकर हर कोई दंग रह गया। इसके बाद कलेक्टर कार्यालय के बाहर बैठकर मुकेश ने मुख्यमंत्री मोहन सरकार से न्याय की गुहार लगाते हुए कहा कि भीख मांगी और अपनी चप्पल सिर पर रखते हुए मीडिया के सामने कहा कि



मोहन यादव जी अब तो मुझे न्याय दे दो। 07 वर्ष हो चुके हैं, अब मैं खुद की चप्पल अपने सर पर रखकर न्याय की भीख मांगता हूं। वहीं सूचना पर डिप्टी कलेक्टर सहित एसडीम ममता खेड़े व अन्य अधिकारी पहुंचे और मुकेश को समझाने का प्रयास किया। मुकेश का यही कहना था इतनी बार आने पर भी उसकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

मुकेश का आरोप है कि उसकी ग्राम पंचायत के सरपंच आदि ने मिलकर करोड़ों रुपए का भ्रष्टाचार किया है। शिकायत करने के बावजूद अधिकारी उस पर कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। पुख्ता सबूत होने के बाद भी कार्रवाई नहीं की जा रही। उसे न्याय चाहिए, वह न्याय लेने के लिए आज फिर कलेक्टर कार्यालय पहुंचा है। कलेक्ट्रेट में मुकेश के इस अनोखे अंदाज में पहुंचने पर आम लोग भी उसे देखकर हैरान हो गए और कुछ तो अपने मोबाइल में उसका वीडियो भी बनाने लगे।

### कलेक्टर ने गठित की तीन सदस्यीय समिति

#### तीन दिन में मौके पर निरीक्षण कर समस्याओं का निराकरण करने के दिए निर्देश

कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने जनसुनवाई में आए आवेदक श्री मुकेश प्रजापित एवं ग्राम कांकरिया तलाई के ग्रामीणों के आवेदन/समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर श्री चंद्रा ने समय-सीमा पत्रों के निराकरण की मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में निर्देश दिए कि एसडीएम जावद श्री राजेश शाह, जिला पंचायत के अतिरिक्त सीईओ श्री अरविंद डामोर एवं कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग नीमच तीन सदस्यीय समिति गठित कर उन्हें निर्देश दिए कि वे तीन दिवस में ग्राम पंचायत काकरिया तलाई का भ्रमण कर आवेदक श्री मुकेश प्रजापति एवं ग्राम काकरिया तलाई के ग्रामीणों के आवेदन पर शिकायत एवं समस्याओं की मौके पर जांच कर उनकी शिकायत/समस्या का त्वरित समाधान कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। कलेक्टर श्री चंद्रा ने सभी जिला अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनसुनवाई में प्राप्त शिकायत/आवेदनों को सभी अधिकारी पूरी गंभीरता से ले और शिकायत, आवेदनों का समुचित निराकरण कर संबंधित आवेदक को भी लिखित में अवगत कराए।

### पेट दर्द की शिकायत के बाद किशोर की मौत

**नीमच, 03 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** जिले के जावद थाना क्षेत्र के ढाणी गांव में मंगलवार सुबह एक 13 वर्षीय लड़के की मौत का मामला सामने आया है। बड़े अस्पताल से मिली जानकारी मुताबिक मृतक किशोर विराट की रात में सोते समय अचानक तबीयत बिगड़ गई थी। उसने परिवार वालों को पेट में दर्द की शिकायत की।

परिजनों ने बच्चे को सुबह तक घर पर ही रखा। बाद में ज्यादा तबीयत बिगडने लगी तो सुबह परिजन उसे लेकर नीमच के बड़े अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां पर डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद अस्पताल पुलिस चौकी ने परिजनों की मौजूदगी में शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। मौत की वजह अब तक साफ नहीं हो पाई है।

### जमुनिया में स्कूल बस पलटी, सभी बच्चे सुरक्षित

**रतलाम, 03 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** जिले के बिलपांक थाना क्षेत्र के जमुनिया गांव में मंगलवार सुबह एक निजी स्कूल की बस रोड से उतरते हुए पलटी खा गई। बस में 10 से 15 बच्चे सवार थे। बस पलटी होते ही बच्चे घबरा गए। एक छात्रा को मामूली चोट आई है। क्रेन से बस को सीधा किया गया।

घटना मंगलवार सुबह 8.30 बजे की है। बिलपांक के न्यू किडपब्लिक स्कूल की बस जमुनिया के कच्चे रास्ते से होकर निकल रही थी। रोड सिंगल पट्टी थी। रोड के किनारे से बस चालक ने बस को निकालने की कोशिश। बारिश के कारण जगह गिली व कच्ची होने के कारण बस का आगे का पहिया नीचे की तरफ धंसा। रोड से उतरते हुए बस पलटी खा गई। जैसे इस बात की जानकारी आसपास के ग्रामीणों को लगी तो सभी मौके पर पहुंचे। पहले बच्चों को सुरक्षित निकाला। सभी बच्चे आसपास के गांव के थे, उनके अभिभावक भी पहुंच गए। एक छात्रा को मामूली चोट होने पर बिलपांक के स्वास्थ्य केंद्र पर लेकर गए। प्राथमिक उपचार कर उसे घर भेज दिया गया।

बताया जा रहा है कि घटना के बाद स्कूल संचालक द्वारा दूसरी बस भेजी गई। ग्रामीणों ने घटना को लेकर आक्रोश जताया। बस की हालात काफी खराब होने की भी बात कही जा रही है। एक छात्रा को मामूली चोट आई है। घटना के बाद आसपास के रहवासियों की भीड़ लग गई। क्रेन की मदद से बस को सीधा करवाया गया।

## कुपोषित बच्चों के मामले में पहले स्थान पर अपना एमपी..!

**मंदसौर/उज्जैन, 03 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** विश्व स्वास्थ्य संगठन के घोषित मानक से मध्य प्रदेश के 27 प्रतिशत बच्चों का वजन कम निकला है। यह बड़ा आंकड़ा है और प्रदेश के लिए देश के नोनिहालों के स्वास्थ्य पर गंभीरता से मनन करने वाली घटना है। ऐसा भी नहीं है कि सरकार चिंता नहीं कर रही है, विभिन्न योजनाएं और बजट समय-समय पर लागू होते रहते हैं। पर शायद इनका क्रियान्वयन सही ढंग से नहीं हो पाता है। वरना आज के युग में भीतरी ग्रामीण क्षेत्रों में भी छोटी-छोटी दुकानें और डिजिटल भुगतान इंटरनेट, आवागमन के संसाधन और बाजार की घर पहुंच सेवाएं तक शुरू हो चुकी है। इस वातावरण में प्रदेश के 27 प्रतिशत बच्चों का कुपोषित निकलना निश्चित ही सरकारी एजेंसी की लापरवाही और जवाबदारों की नजरअंदाजी कारण रहा होगा! वैसे भी विभिन्न रिसर्च के आंकड़े साफ दर्शाते हैं कि देश में 74 प्रतिशत आबादी को पौष्टिक भोजन नसीब नहीं हो पता है। महिला एवं बाल विकास विभाग की रिपोर्ट के अनुसार देश के 59 लाख बच्चों को 6 से 23 महीने तक 2 लीटर दूध के स्थान पर आधा लीटर भी उपलब्ध नहीं होता है। जबकि, इससे बेहतर स्थिति में बांग्लादेश, पाकिस्तान और इथोपिया जैसे देश के बच्चे हैं।



चन्द्रमोहन भगत

मध्य प्रदेश के बच्चों के कुपोषण के यह हालत तब है जब प्रदेश में प्रति बच्चा पोषण आहार के लिए 12 रुपए स्वीकृत है और यह भी शास्वत सच है कि सप्रेटा दूध भी 40 रूपए लीटर मिलता है, ऐसे में चार सदस्यों का परिवार प्रतिमाह 10 हजार रूपए के मान से प्रतिदिन 333 रुपए में से बच्चों को घर का किराया, किराना सामान, दवा, स्कूल का खर्च करने के बाद आधा लीटर सप्रेटा दूध पिलाने लायक भी नहीं बचा पाता है। प्रदेश के बच्चों में कुपोषण के कारण मानक उंचाई के मुकाबले वजन 8 प्रतिशत कम तथा 42 प्रतिशत में ठिंगना पन आ रहा है। यह आंकड़े पोषण ट्रैक के इसी साल जारी किए हुए हैं। इन हालातो के लिए उल्लेख आवश्यक है कि शासकीय अधिकृत गौशालाओं में प्रति गाय के लिए 20 रुपए प्रतिदिन बजट दिया जा रहा है, विडंबना यह भी है कि जिस प्रदेश का बचपन भूख और कुपोषण लिए विकसित होगा, तब स्वाभाविक होगा कि वहां के युवा की मानक क्षमता कमतर और नकारात्मक होगी ही। इसमें सुधार कर बेहतर करने की जिम्मेदारी सिर्फ पालक सरकार की ही है जो हमेशा दावा करती आई है प्रत्येक हाथ को रोजगार और भरपेट पोषक भोजन मुहैया करावेगी, कराया जा रहा है! इसी सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग के आंकड़े गवाही दे रहे हैं कि आंगनवाड़ी केंद्रों पर अति कम वजन के बच्चों को प्रतिदिन भोजन पर 12 रुपए, अन्य कुपोषित बच्चों पर 8 रुपए एवं धात्री महिलाओं पर 9 रुपए का आहार दिया जा रहा है। सोने पर सुहागा ये कि 2018 से इस बजट को मांग और खाद्य सामग्री की बढ़ती कीमते होने के बाद भी बढ़ाया नहीं जा रहा है। दूसरी ओर चिकित्सीय मानक से अधिक गरिष्ठ भोजन खाने वाले जनता के चुने हुए जनप्रतिनिधियों की सुविधाओं के लिए बजट राशि महंगाई बढ़ने से पहले ही तेज गति से बढ़ाई जा रही है। यह सर्वविदित है कि देश के नवजात शिशुओं से लेकर युवा गरीबी रेखा के कार्ड धारकों के लिए चुनाव के पहले घोषणा तो लगातार हर सरकार करते आ रही है। किन्तु, अमल होने की बजाय सिर्फ जुमलेबाजी साबित हो रही है।



**गणेशोत्सव के लिए-** दस दिवसीय गणेशोत्सव के लिए गणेश स्थापना को लेकर जगह-जगह पांडाल लगाना शुरू हो गए है। बाजार में गणेश प्रतिमाओ की दुकानें भी सजने लगी है।

# आज मंदसौर जिले के सभी ब्लॉक में होगा कांग्रेस का धरना

## सोयाबीन के भाव बढ़ाने सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर कांग्रेस का जंगी प्रदर्शन

**मंदसौर, 3 सितम्बर गुरु एक्सप्रेस।** जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष व विधायक श्री विपिन जैन ने बताया कि मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री जीतू पटवारी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी मंदसौर द्वारा जिले के प्रत्येक ब्लॉक मुख्यालयों पर आज 4 सितम्बर को दोप. 12 बजे किसानों की आर्थिक परेशानियों, बिजली दरों में बेतहाशा वृद्धि, खस्ताहाल सड़के, महिलाओं, बालिकाओं से दुराचार, अजा, अजजा, अल्पसंख्यक वर्गों पर अत्याचार आदि मुद्दों को लेकर विशाल धरना-प्रदर्शन किया जाएगा तथा राष्ट्रपति व राज्यपाल के नाम ज्ञापन दिये जायेंगे।

उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी राजनारायण लाड़ ने बताया कि अन्न दाता किसान इस समय काफी परेशानियों से जूझ रहा है। भारी वर्षा से उनकी सोयाबीन एवं धान की फसलों को नुकसान हुआ है। प्रदेश के 50 प्रतिशत किसानों की सोयाबीन फसल में फल ही नहीं लगा है। किसानों की लागत मूल्य दोगुना हो गई है, वर्ष 2011 में भी सोयाबीन की फसल के दाम 4300 रुपये प्रतिक्विंटल थे। आश्चर्य की बात है कि आज भी वर्ष 2024 में पुराने दामों पर ही उनकी उपज खरीदी जा रही है। केंद्र एवं प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है और किसान एमएसपी की मांग लगातार कई वर्षों से कर रहे है, और आज भी उनकी फसलों को एमएसपी के समर्थन मूल्य पर खरीदी नहीं की जा रही है। प्रदेश में किसानों की आर्थिक परेशानियाँ, बिजली की दरों में बेतहाशा वृद्धि, खस्ता हाल खराब सड़के, बिगड़ती कानून व्यवस्था, महिलाओं एवं अबोध बालिकाओं पर पर हो रहे दुराचार, अजा, एवं अजजा वर्गों, अल्पसंख्यको के साथ भेदभाव, अत्याचार एवं अन्य स्थानीय मुद्दों को लेकर ज्ञापन दिया जाएगा। मंदसौर शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. राघवेन्द्रसिंह तोमर, मंदसौर ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विकास दशोरा, दलौदा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बसंतीलाल सौलंकी, धुंधड़का ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गोपाल विश्वकर्मा, मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अनिल शर्मा, संजीत ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ईश्वर धाकड़, सीतामऊ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश पाटीदार, कयामपुर-नाहरगढ़ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ओमप्रकाश राठौर, सुवासरा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कृपालसिंह सौलंकी, शामगढ़ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कमलेश जायसवाल, गरोठ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष भवानीशंकर धाकड़, मेलखेड़ा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष करणसिंह, भानपुरा ब्लॉक कांग्रस अध्यक्ष वीरेन्द्रसिंह हाड़ा ने सभी कांग्रेस के पदाधिकारीगण, पूर्व विधायकगण, विधानसभा 2023 एवं लोकसभा 2024 के प्रत्याशीगण, मोर्चा संगठन विभाग, प्रकोष्ठ के अध्यक्षगण, पदाधिकारीगण, मंडल, सेक्टर, बीएलए तथा किसान भाईयों एवं प्रभावित परिवारों से आज 4 सितम्बर को अपने-अपने ब्लॉक में आयोजित धरना प्रदर्शन में अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी करने का आव्हान किया है।



दलौदा मंडल ने एक दिवसीय विशेष सदस्यता अभियान के तहत 5000 सदस्य बने....

# 100 सदस्य बनाने वाला होगा पार्टी का सक्रिय सदस्य-अटोलिया

**दलौदा, 3 सितम्बर गुरु एक्सप्रेस।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे संगठन पर्व सदस्यता अभियान का शुभारंभ देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवम राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जे पी नड्डा ने 2 सितंबर की शाम को राष्ट्रीय कार्यालय से प्रथम पार्टी का सदस्य बनकर की इसी कडी में भाजपा दलौदा मंडल में 1 दिवसीय विशेष सदस्यता अभियान चलाया गया भाजपा मंडल अध्यक्ष विकास सुराना एवम सदस्यता अभियान के मंडल के सह प्रभारी हेमंत धनोतिया ने बताया की दलौदा मंडल के 76 बूथों पर ही चाय पे चर्चा का कार्यक्रम आयोजित कर सदस्यता अभियान की शुरुआत की ओर आज 1 ही दिन में में मंडल के 76 बूथों पर 5000 से अधिक सदस्य बनाए दलौदा नगर के बुथ क्रमांक 257 पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्री नानालाल अटोलिया ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा है और भाजपा के हम सब कार्यकर्ताओं को सदस्य बनना आवश्यक हे पार्टी का पदाधिकारी अगर 100 सदस्य बनाएगा तो ही वो भाजपा का सक्रिय सदस्य होगा साथ ही करजू में भाजपा जिला महामंत्री श्री गणपत सिंह आंजना, नगरी में भाजपा मंडल अध्यक्ष विकास सुराना ने कार्यकर्ताओं से चाय पर चर्चा की पूरे मंडल के प्रत्येक स्थान और बूथ पर चाय पे चर्चा का आयोजन हुआ पूरे मंडल क्षेत्र में मंडल के सदस्यता अभियान के संयोजक फतेहसिंह आंजना, सह स्योजक घनश्याम बग्गड, सह स्योजाक हेमंत धनोतिया, आई टी हार्दिक जैन ने कई बूथों पर जाकर चाय पर चर्चा की साथ ही शक्ति केंद्रो के बूथों पर विस्तारक ईश्वर लाल पाटीदार, चंद्रशेखर मंडलोई, रमेश धाकड, सुमित सेन, भवानी प्रताप सिंह सिसोदिया, जीवन रातडिया, विजय तातेड, सौरभ राठी ने भी चाय पर चर्चा कर अधिक से अधिक सदस्य बनाए दलौदा नगर के 257 बुथ पर आयोजित कार्यक्रम में विजय मेहता, कैलाश जैन, जगदीश पाटीदार, विनोद धनोतिया, लोकेंद्र बोरीवाल, राकेश जैन रांका, दीपक पोरवाल, देवीलाल धनगर, दिनेश पंवार, विजय सुराना, बाबू भाई तिवारी, अनिल केंथवास, दीपक जैन, कांता बाई ग्वाला, धर्मचंद्र रातडिया, हेमंत मावर, अजय शर्मा, नागुलाल खारोल, विमला देवी धनोरा सहित उपस्थित थे।

## मनुष्य में लज्जा होना चाहिए यह भी भगवान का ही स्वरूप है-स्वामी सरस्वती

**मंदसौर, 3 सितम्बर गुरु एक्सप्रेस।** श्री केशव सत्संग भवन खानपुरा मंदसौर पर दिव्य चातुर्मास पूज्यपाद 1008 स्वामी आनन्दस्वरूपानंदजी सरस्वती ऋषिकेश के सानिध्य में चल रहा है। स्वामी जी द्वारा प्रतिदिन प्रातः 8.30 से 10 बजे तक श्रीमद् भागवद् महापुराण के एकादश स्कन्द का का वाचन किया जा रहा है।



मंगलवार को धर्मसभा में स्वामी श्री आनन्द स्वरूपानंदजी सरस्वती ने बताया कि कुकर्म करने के बाद व्यक्ति को शर्म आयें वह लज्जित हो तो उसमें भी भगवान का अंश होता है यदि कोई व्यक्ति कुकर्म करें और उसके बाद भी शर्म महसूस न करें ऐसे व्यक्ति भगवान के कृपा पात्र नहीं होते है। इसलिए मनुष्य में लज्जा होना चाहिए यह भी भगवान का एक स्वरूप है। लेकिन आज कल इसका अभाव हो रहा है। शास्त्रों में लज्जा को महिलाओं का विशेष गुण बताया गया है लेकिन आज कल की युवतियों में तो लज्जा दिखाई ही नहीं देती। जबकि युवतियों में तो लज्जा होना चाहिए उन्हें संस्कारवान बनाना चाहिए। धर्मसभा में स्वामीजी ने बताया कि जीवन में हमें त्याग भी करना चाहिए, त्याग भी एक प्रकार से ईश्वर का ही स्वरूप है। त्यागी व्यक्ति पूजनीय होता है। शास्त्रों में त्याग का भी विशेष महत्व बताया गया है, त्याग से अपार पुण्यों की प्राप्ति की जाती है। स्वामी जी ने बताया कि सहनशक्ति में भी ईश्वर विद्यमान होते है। सहनशील व्यक्ति का कभी नुकसान नहीं होता है, लेकिन आजकल इसका भी अभाव होता जा रहा है। लोगों की सहन करने शक्ति कम होती जा रही है जिससे घरों में क्लेश होते है घर टूट जााते है व्यापार व्यवसाय पर असर पडता है। इसलिए शास्त्रों में कहा गया है कि व्यक्ति को सहनशील होना चाहिए। आपने कहा कि हमें अपनी वाणी पर नियंत्रण रखना चाहिए ऐसी वाणी मुख से नहीं निकालनी चाहिए जिससे दूसरों को कष्टहो। कार्यक्रम के अंत में भगवान की आरती उतारी गई एवं प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष जगदीशचंद्र सेठिया, प्रहलाद काबरा, डॉ रविन्द्र पाण्डेय, आर सी पाण्डेय, मदनलाल गेहलोत, पं जगदीश गर्ग, पं शिवनारायण शर्मा, नीलमचंद भावसार, घनश्याम भावसार, राधेश्याम गर्ग, महेश गेहलोद, भगवतीलाल पिलौदिया, डॉ प्रमोद कुमार गुप्ता, राजेश देवडा, प्रवीण देवडा सहित बडी संख्या में महिलाएं पुरुष उपस्थित थे।

# पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलवाएं-चंद्रा

## कलेक्टर ने जनसुनवाई में 118 आवेदकों की समस्याए सुनी

**नीमच, 3 सितम्बर गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा एवं एडीएम श्रीमती लक्ष्मी गामड ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में जनसुनवाई करते हुए 118 आवेदकों की समस्याएं सुनी एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर श्री चंद्रा ने जनसुनवाई में निर्देश दिए कि, पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। सभी पंचायत एवं नगरीय क्षेत्रों में तहसीलदार एवं सभी एसडीएम को शासकीय, भूमि पर से अतिक्रमण एवं कब्जा हटाने की कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए।



जनसुनवाई में मूलचंद मार्ग नीमच केंट के इफतियार हुसैन ने मवेशी मालिक के विरूद्ध कार्यवाही करने, चडोली के श्यामलाल ने उपचार के लिए आर्थिक सहायता दिलाने, नगरपालिका परिषद के विनोद राव ने एन.पी.एस.का भुगतान दिलाने, मनासा के पिंटू ने स्वीकृत मकान की राशि दिलाने, विशन्या के बंटु ने पशु हानि पर राहत राशि दिलाने, बामनिया के ओकार लाल ने अपने घर से लगे क्षतिग्रस्त मकान को तोडने, ग्वालटोली नीमच के ताराचंद ने नगरपालिका व्दारा कार्यवाही नहीं करने, छाछखेडी के दीपक कुमार ने आग लगने से हुए नुकसान की क्षतिपूर्ति राशि दिलाने, से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। इसी प्रकार जनसुनवाई में इंदिरा नगर के राजन प्रजापित, नीमच रोड दारू के दिलीप पुरोहित, घसुण्डी बामनी के प्रकाश मेघवाल, बेसला के भवानीराम, सरवानिया महाराज की श्रीमती राजुबाई, कानोड़ के बालुदास, बेसला के शंकरलाल, पिपलियाहाडा के चिरंजीलाल, नयाबाजार नीमच की रूकमणीबाई, चीताखेडा के ललित, जावद की प्रिती, नीमच केतसनीम हुसैन, नई बावल के भुपेन्द्रब सिह शक्तावत, मजिरिया के बापुलाल, रामपुरा के मुकेश गौड, बोरखेडी खुर्द की सुहागबाई, फोफलिया की शारदा, नाका नम्बर 4 बघाना की तेमिना, बोरखेडी खुर्द के हीरालाल आदि ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए।

# उद्यानिकी महाविद्यालय ने कप्तान सहित पुलिस अधिकारियों का सम्मान किया



**मंदसौर, 3 सितम्बर गुरु एक्सप्रेस।** गत दिनों उद्यानिकी महाविद्यालय मंदसौर में चना प्रजनक बीज की चोरी को उजागर करने वाले पुलिस दल के सभी सदस्यों का सम्मान किया गया। उद्यानिकी महाविद्यालय के प्रक्षेत्र से लगभग 20 लाख कीमत का चना बीज चोरी हो गया था। नई आबादी थाना के पुलिस दल ने त्वरित कार्यवाही करते हुए चोरों को पकड़ने के साथ साथ चोरी हुआ माल भी जप्त किया। आज आयोजित सम्मान समारोह कुलपति अरविंद शुक्ला के निर्देशन में उद्यानिकी महाविद्यालय परिवार ने अधिष्ठाता डॉ इंदर सिंह तोमर के नेतृत्व में जांच समिति के पुलिस दल के सदस्यों का सम्मान किया। सम्मान समारोह में अधिष्ठाता डॉ आईएस तोमर ने पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक आनंद एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्री सरताज सिंह का शाल श्रीफल, स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। श्री तोमर ने इस अवसर पर नई आबादी थाना के जांच समिति दल के सदस्यो श्री जगदीश ठाकुर, श्री रमीज राजा, श्री गगन राठौर, श्री नेमाराम जाट, श्री कन्हैयालाल मीणा, श्री पुष्कर धनगर, श्री जीवन सिंह, श्री प्रदीप का भी सम्मान किया। इस अवसर पर अधिष्ठाता डॉ आई एस तोमर ने मुक्त कंठ से पुलिस प्रशासन की सराहना की एवं हृदय से आभार व्यक्त किया। पुलिस कप्तान श्री अभिषेक आनंद ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्हें कठोर परिश्रम को अपनाते हुए अपने लक्ष्य प्राप्ति की ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरित किया ताकि भविष्य में पछताना न पडे। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ रोशन गलानी एवं श्री प्रदीप तुर्कमाने ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ ओ पी सिंह, डॉ वसंत कचौली, डा त्रिपाठी, डॉ पंकज मईडा, डॉ भारवे का उल्लेखनीय योगदान रहा। सम्मान समारोह का आभार प्रदर्शन डॉ रूपेश चतुर्वेदी द्वारा किया गया।

# अक्षिता राष्ट्रीय स्केटिंग प्रतियोगिता के लिए चयनित

## केंद्रीय विद्यालय संगठन द्वारा दिल्ली में आयोजित होगी प्रतियोगिता

**मंदसौर, 3 सितम्बर गुरु एक्सप्रेस।** केंद्रीय विद्यालय कक्षा छठी की छात्रा अक्षिता चौहान केंद्रीय विद्यालय की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में चयनित होने वाले मंदसौर की पहली बालिका है अक्षिता इस प्रतियोगिता में भोपाल रीजन का प्रतिनिधित्व अंडर 14 बालिका क्वाड वर्ग में करेंगी। अक्षिता का चयन भोपाल में आयोजित की गई क्लस्टर लेवल की रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता में दो गोल्ड मेडल जीतने के आधार पर किया गया है इस क्लस्टर प्रतियोगिता में भोपाल रिजल्ट मध्य प्रदेश के सभी केंद्रीय विद्यालय की बालिकाओं ने भाग लिया था इनके बीच शानदार प्रदर्शन करते हुए अक्षिता ने अपनी दोनों रेस में प्रथम स्थान प्राप्त किया इस आधार पर अक्षिता राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुई। अधिक जानकारी देते हुए जिला स्केटिंग संघ के सचिव राकेश श्रीवास्तव ने बताया कि अक्षिता नियमित रूप से जिला स्केटिंग संघ द्वारा चलाए जा रहे प्रशिक्षण शिविर के माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त करती है व इससे पूर्व भी स्केटिंग व रोल बॉल की कई प्रतियोगिताओं में भाग लेकर उत्कर्ष प्रदर्शन कर चुकी है अक्षिता के उपलब्धि पर केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य श्रीमती नीलांजनी प्रसाद खेल शिक्षक उमेश रावत, मंगलेश बैरागी सुश्री प्रियंका सुश्री अंजलि जिला खेल अधिकारी विजेंद्र देवड़ा लीड कॉलेज खेल अधिकारी राजू कुमार जिला स्केटिंग संघ के अध्यक्ष कपिल भंडारी, सचिन काले, अनिल चौधरी, अनिल जैन, जलज सिसोदिया, लाभांशी हेजू, दिव्यांशु परमार आदि ने बधाई दी वह राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी।






# किसान उतरे सड़क पर, सौंपा ज्ञापन

**कुकड़ेश्वर, 3 सितम्बर गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने मध्य प्रदेश के किसानो को बार बार वचन दिया था कि हमारी सरकार बनते ही, मप्र के किसानो की आय दोगुणी की जायेगी। पर आज तक किसानो की आय दोगुणी न होकर, महंगाई कई गुणा बढ गई है। वंही किसानो की मुख्य फसल सोयाबीन का समर्थन मूल्य भी 6 हजार किया जाये, क्योकि सोयाबीन फसल में खर्च अधिक है और किसानो को नुकसानी भूगतनी पड रही है। इसी को लेकर कुकडेश्वर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एवं नगर कांग्रेस कमेटी एवं मंडलम कांग्रेस कमेटी द्वारा सोयाबीन 6000 रु के समर्थन मूल्य पर खरीदने की मांग को लेकर भारत माता चौराहा कुकडेश्वर पर एकत्रित होकर, किसानो की पीढ़ाओ पर उद्बोदन देते हुए, तहसील टप्पा कार्यालय पर ज्ञापन राज्यपाल के नाम नायब तहसीलदार नवीन छलोत्रे को सौंपा गया। जिसमे कांग्रेस नीमच जिलाध्यक्ष अनिल चौरसिया, प्रदेश महामंत्री मंगेश संधई, कुकडेश्वर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कैलाश राठौर, नगर कांग्रेस अध्यक्ष नंदलाल मालवीय, मण्डलम् अध्यक्ष अमृत पंचोली, मोन्टी बना रामपूरा, आर. सागर कछावा, राधेश्याम मालवीय, विजय श्रीमाल, प्रमोद मालवीय, बलवन्त खींची, रिंकू भानपिया, महेश टोडावाल, भागीरथ मालवीय, जसवन्तसिंह चन्द्रावत, सम्पत गरासिया, मानसिंह बंजारा, दिनेश राठौर, कैलाश राठौर बड़कुआ, यशवन्त दायमा, राधेश्याम धाकड़ चौकडी, ज्ञानसिंह, प्रकाश गरासिया, बादर डायली, हीरालाल सरपंच, अशोक भदवा, अर्जुन खानखेड़ी, सुरेश कंजार्ड़ा, हीरालाल धाकड, लालाराम गुर्जर, भागीरथ रावत, देवीलाल, राधेश्याम तलाऊ, गोविन्द बिलोदीया, दिनेश पाटीदार, कैलाश पाटीदार, अनिल पाटीदार आदि सैकेंडो कार्यकर्ता एवं किसान ने रैली निकालकर ज्ञापन सौंपा।



## यातायात नियमों संबंधी कार्यशाला संपन्न

**मंदसौर, 3 सितम्बर गुरु एक्सप्रेस।** दशपुर विद्यालय में आज यातायात नियमों के पालन संबंधी एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमे श्रीमती पूजा मुकाती सब इंस्पेक्टर आरटीओ एवं सहयोगी टीम द्वारा विद्यार्थियों को ट्रैफिक सिग्नल एवं रूल्स संबंधी जानकारी प्रदान की गई।

सर्वप्रथम विद्यालय प्राचार्य द्वारा अतिथि परिचय करवाया गया। तत्पश्चात संस्था सुपरवाइजर श्री हाकिम शर्मा एवं विद्यालय कोर्डिनेटर शिक्षिका श्रीमती रेणुका शुक्ला द्वारा अतिथियों का पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया गया। सब इंस्पेक्टर श्रीमती पूजा मुकाती द्वारा विद्यर्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा आज हमारे यहाँ सर्वाधिक मौतों का कारण बिना हेलमेट के बाइक एवं बिना सीटबेल्ट के कार चलाने से हो रही है। साथ ही विद्यालय के सभी बस ड्राइवर को भी मोबाइल पर बात करते हुए बस न चलाने की हिदायत दी गई। विद्यालय परिवार द्वारा यह संकल्प लिया गया कि गाडी चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल न करेंगे एवं बिना हेलमेट के बाइक न चलायेंगे। इस अवसर पर प्राचार्य प्रिंस वी थॉमस, संस्था सुपरवाइजर श्री हाकिम प्रसाद शर्मा सहित पूरा विद्यालय परिवार उपस्थित था।

## कॉमर्स एवं साइंस स्ट्रीम के सब्जेक्ट चालू ना करने पर कॉलेज परिसर में छात्रों ने लगाया ताला

**शामगढ़, 3 सितम्बर गुरु एक्सप्रेस।** आज मन्दसौर जिले के शासकीय महाविद्यालय शामगढ में एनएसयूआई द्वारा साइंस एवं कॉमर्स स्ट्रीम के सब्जेक्ट चालू ना करने पर कॉलेज परिसर में ताला लगाया। प्रशासन ने आश्वासन दिया कि 15 दिनों के अंदर कार्यवाही करते हुए सब्जेक्ट शुरू कर दिए जायेंगे। छात्र नेता मंथन धनोतिया ने बताया कि 3 वर्ष कॉलेज के उद्घाटन को हो गए पर आज तक कॉलेज के कॉमर्स और साइंस स्ट्रीम के सब्जेक्ट की शुरुवात नहीं हुई है। प्रशासन ने कुछ दिनों का और समय मांगा है अगर मांग पूरी नही हुई तो आमरण अनशन पर बैठेंगे। इस अवसर पर सिद्धांत धनोतिया, अनस जिंदरान, दीपक सेठिया, सुमित सोनी, अमन बघेला, अंशुल मुजावदिया, देवेंद्र सोलंकी, शाहिद जिंदरान, दिलशान मंसूरी एवं अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।



दिनांक 04 सितम्बर 2024

अपनी कुण्डली स्वयं देखे-
ज्योतिषाचार्य पंडित यशवंत जोशी के साथ

कन्या राशि के लोग...

क्या आपके विवाह में देरी हो रही है? वैवाहिक जीवन सही नहीं चल रहा है? क्या रोज पति पत्नी में अनबन होती है?

तो करे एकमात्र यह उपाय...

पुरुष अपनी कुंडली के शुक्र को प्रसन्न करे और स्त्रियां अपनी कुंडली के बृहस्पति ग्रह को प्रसन्न करें, इससे निश्चय ही आपका वैवाहिक जीवन आनंदमय होगा।



जय दुर्गा ज्योतिष सेवा संस्थान एवं अनुष्ठान केंद्र मंदसौर
7024667840,8085381720

# शिक्षक दिवस केवल औपचारिक बनकर न रह जाए...

**मंदसौर, 3 सितम्बर गुरु एक्सप्रेस।** शिक्षा का मूल सिद्धांत चरित्र निर्माण करना होता है। कहा गया है कि यदि धन खो जाए तो कुछ नही खोया, स्वास्थ्य खो जाए तो कुछ खो गया लेकिन यदि ज्ञान खो जाए तो सब कुछ खो जाता है। शिक्षा ही मनुष्य को संस्कारित कर स्वयं, परिवार, समाज, राष्ट्र एवम सम्पूर्ण मानवता ही नही प्राणिमात्र के लिये उपयोगी जीवन जीने का अवसर प्रदान करती है। किंतु प्रश्न यह है कि शिक्षा क्या है तथा उसका स्वरूप क्या हो ? क्या पुस्तकीय ज्ञान ही शिक्षा का सोपान है अथवा उसमे चरित्र, नैतिकता, प्रामाणिकता, परोपकार आदि संस्कारो का भी स्थान हो। किसी भी देश की भावी पीढ़ी को गढने का काम करता है एक शिक्षक। वह पीढ़ी जिसके हाथो में देश की बागडोर मानी जाती है। ऐसी पीढी के सर्वगुण सम्प्पन्न होने की अपेक्षा होती है। शिक्षक वह रचनाकार है जो बालको को एक कुशल मूर्तिकार की तरह गढ़ता है उन्हे श्रेष्ठ मानव बनाता है। वर्तमान समय मे शिक्षा और शिक्षको की स्थिति कैसी है ? क्या हमारे शिक्षको का आज भी वैसा ही सम्मानित स्थान हे जेसा दो दशक पहले था ? क्या शिक्षा अपने उद्देश्य की पूर्ति कर रही है ? क्या शिक्षक भी अपने कर्तव्य को भली प्रकार निभा रहे है ? डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस को हम शिक्षक दिवस के रुप में मनाते है लेकिन क्या इस दिवस को मनाने के पीछे छिपे भाव के साथ हम, हमारा समाज, हमारी सरकारे न्याय कर पा रही है ? प्रतिवर्ष शिक्षक दिवस के दिन शिक्षको का सम्मान उनके योगदान पर चर्चा और अंत में एक बोझिल सा भाषण जिस पर सब तालियां बजाते हे और अंत में पल्ला झाड़कर चले जाते हे। डा राधाकृष्णन जी ने दिल्ली में एक दीक्षांत समारोह में कहा था की देश की योग्यतम प्रतिभाओ को शिक्षक व्यवसाय में खींचने का हर संभव प्रयास करना चाहिए। क्या आज समाज की योग्यतम प्रतिभाएं इस और आकृष्टहो रही हे ? इंजीनियरिंग और मेडिकल प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले विद्यार्थी समस्त विकल्प समाप्त होने पर ही शिक्षक बनना पसंद करते हे। नई पीढ़ी शिक्षक के रूप में केरियर बनाने के प्रति अधिक आकर्षित क्यों नही हे ? बेरोजगारी की मार से कराहते हुवे उच्च शिक्षित भले ही भ्रत्य की नोकरी करने के लिए विवश और तत्पर हो किंतु किसी समय में सर्वाधिक सम्माननीय समझे जाने वाले इस कार्य में उनकी रुचि नही हे। मुझे शिक्षक ही बनना हे ऐसा सोचने वाले कितने युवा हे ? जब योग्यतम प्रतिभाएं शिक्षा के क्षेत्र में नही आएगी तो शिक्षा की गुणवत्ता केसे सुधरेगी। युवाओ के मन में इंजीनियर, डॉक्टर और प्रशासनिक सेवा की भांति शिक्षक बनने की ललक केसे जाग्रत हो ? शिक्षा जगत में सुधार की भी महती आवश्यकता हे जब तक सरकारी खजाने से वेतन या सुविधा ले रहे बड़े लोगो के बच्चे जब तक अनिवार्य रुप से प्राथमिक शिक्षा के लिए सरकारी विद्यालयो में नही पड़ेंगे तब तक उनकी दशा में सुधार नही होगा। इसमे यह भी जोड़ा जा सकता है कि ये नियम सभी मंत्रियो, विधायको और सांसदो पर भी लागू हो क्योंकि वे भी जनसेवक है। शिक्षक दिवस केवल औपचारिकता बनकर न रह जाए इसलिए क्या हमारे शिक्षा जगत में शिक्षक दिवस के दिन ऐसा कोई काम हो सकता है जंहा भाषण के स्थान पर शिक्षा और शिक्षको के कल्याण के लिए कोई योजना हो और सरकार व समाज उसकी प्रतिवर्ष समीक्षा कर सके जिससे अधिकतम विद्यार्थी डॉक्टर, इंजीनियर या और किसी क्षेत्र में जाने के अलावा शिक्षक बनने के लिए भी प्रेरित हो तभी हमारा इस दिवस को मनाना सार्थक होगा क्योंकि शिक्षा किसी भी राष्ट्र की नींव है...।



पत्र संपादक के नाम
संपादक की सहमति आवश्यक नहीं



गौरव सोनी, मंदसौर

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 35 | 2586 | 2711 |
| उडद | 000 | 0000 | 0000 |
| सोयाबीन | 3983 | 4001 | 4730 |
| गैहु | 3919 | 2620 | 3110 |
| चना | 164 | 6600 | 7407 |
| मसुर | 214 | 5450 | 5944 |
| धनिया | 260 | 5180 | 6647 |
| लहसुन | 12000 | 10100 | 26700 |
| मैथी | 490 | 4848 | 5774 |
| अलसी | 1360 | 5300 | 6050 |
| सरसो | 445 | 5121 | 5615 |
| तारामीरा | 000 | 0000 | 0000 |
| इसबगोल | 121 | 9750 | 12833 |
| प्याज | 1800 | 1251 | 3953 |
| कलोंजी | 5 | 8001 | 17500 |
| डॉलर | 16 | 7001 | 12013 |
| तिल्ली | 149 | 10501 | 12170 |
| मटरसुखी | 2 | 6791 | 6791 |
| असालीया | 39 | 10445 | 10871 |




पोरवाल समाज ने उठावने के बाद दिया ज्ञापन....

# आधा दर्जन सूदखोरों पर हो सकती है कार्रवाई..?

**शामगढ़, 03 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** नगर के एक किराना व्यवसायी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। इस मामले में बताया जाता है कि सूदखोरों से परेशान होकर उसने यह कदम उठाया। बताया गया है कि एक सुसाइड नोट में कुछ नामों का उल्लेख भी किया गया है। इस मामले में करीब आधा दर्जन सूदखोरों पर कार्रवाई हो सकती है। फिलहाल मामला पुलिस जांच में है। इधर उठावने के बाद पोरवाल समाज ने ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की है।

किराना व्यापारी मनोज बंसीलाल धनोतिया द्वारा आत्महत्या की घटना के मामले में मृतक के उठावना कार्यक्रम के तुरंत पश्चात पोरवाल समाज ने पुलिस अधीक्षक के नाम पुलिस थाना प्रभारी उदयसिंह अलावा को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कहा गया कि उक्त युवक द्वारा कर्ज में डूबने एवं सूदखोरों द्वारा दबाव एवं शोषण के कारण आत्म हत्या करना बताया जा रहा है। ज्ञापन में कहां गया कि किन परिस्थितियों में युवक ने आत्महत्या की तथा किन लोगों द्वारा दबाव शोषण करना आत्महत्या के लिए मनोज को मजबूर होना पड़ा इसकी निष्पक्ष एवं बिना दबाव के जांच की जाए। ज्ञापन में यह भी कहा गया आतंकित करके पैसा वसूलने वाले ब्याज खोरों पर कार्रवाई की जाए। ज्ञापन समाज अध्यक्ष मनोज मुजवादिया ने दिया तथा ज्ञापन का वाचन समाज सचिव ओम आर काला ने किया। थाना प्रभारी ने मामले में उचित जांच का आश्वासन दिया। इस मौके पर मृतक के परिजनों के अलावा समाजजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## बदमाशों ने तोड़े दुकानों के ताले, पुलिस गश्त देख भागे

**सीतामऊ, 03 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** नगर के के राजमाता सिंधिया कॉम्प्लेक्स में स्थित दुकानों के कुछ बदमाशो ने ताले तोड़े। लेकिन, वे चोरी नहीं कर सके। इसी दौरान पुलिस गश्त की गाड़ी आने से बदमाशा भाग निकले।

हालांकि, बदमाशो ने दुकानो के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों को नुकसान पहुंचाया। एक किराना दुकान का ताला भी तोड़ा। इधर गश्त के दौरान पुलिस वहां पहुंच गई। यह देख चोर भाग निकले।

## ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मनासा आज देगी ज्ञापन

**मनासा, 3 सितम्बर गुरु एक्सप्रेस।** किसान बंधुओ और कांग्रेस कार्यकर्ताओ को सूचित किया जाता हे की 4 सितंबर बुधवार को किसानों की फसल सोयाबीन के लगातार गिरते हुए भाव के समर्थन में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया जाएगा। अत: आप सभी किसान बंधु और समस्त कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी सादर आमंत्रित है ।ज्ञापन 2 बजे 4 सितंबर बुधवार स्थान:- जनपद पंचायत के बाहर मनासा दिया जाएगा।

# जनपद सीईओ सभी पंचायतों में मुक्तिधाम बनवाएं-कलेक्टर

## जिला स्तरीय जनसुनवाई सीतामऊएसडीएम कार्यालय में संपन्न



**मंदसौर, 3 सितम्बर गुरु एक्सप्रेस।** जिला स्तरीय जनसुनवाई सीतामऊ एसडीएम कार्यालय में आयोजित की गई। जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग ने लोगों की समस्या को सुना तथा मौके पर ही निराकरण किया। जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर ने जनपद सीईओ को निर्देश देते हुए कहा कि, सभी ग्राम पंचायतों में मुक्तिधाम अनिवार्य रूप से बनवाएं। कोई भी ग्राम पंचायत मुक्तिधाम विहीन नहीं होनी चाहिए। पीआईयू विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि, कयामपुर अस्पताल निर्माण कार्य जल्द पूर्ण करें। जिला आपूर्ति अधिकारी को निर्देश दिए कि, जो व्यक्ति विगत 6 माह से राशन नहीं ले रहे हैं, उनकी सूची बनाएं तथा पात्रता सूची से उनका नाम हटाए। इसके साथ ही शासकीय उचित मूल्य की दुकानों से पूरे महीने राशन वितरण होना चाहिए। कृषि विभाग फसलों में हो रहे पीला मोजेक रोग की जांच करें तथा रिपोर्ट प्रस्तुत करें। राजस्व अधिकारी खेल मैदान से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही करें। शासकीय भूमि से अतिक्रमण तुरंत हटना चाहिए। इसके साथ ही जनसुनवाई के दौरान लाडली बहना का लाभ प्राप्त करने , लाडली लक्ष्मी, सीमांकन, रास्ता विवाद, रास्ते पर अतिक्रमण हटाने, व्हीलचेयर प्राप्त करने इत्यादि के लिए लोगों ने आवेदन दिए।जनसुनवाई के दौरान 85 आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई के दौरान सीईओ जिला पंचायत कुमार सत्यम सहित विकास खंड स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

## जिले में अब तक 740.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**मंदसौर, 3 सितम्बर गुरु एक्सप्रेस।** जिले में इस वर्ष अबतक औसतन 740.9मि.मी. वर्षा दर्ज की गयी है। जबकि पिछले 24 घन्टों में मंदसौर जिले में 18.2मिमी वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है। पिछले 24 घन्टों में मंदसौर में 7.0मि.मी., सीतामऊ में 6.8मि.मी. सुवासरा में 49.0मि.मी., गरोठ में 23.4मि.मी., भानपुरा में 31.2मि.मी., मल्हारगढ़मे 10.0मि.मी., धुधंड़का में25.0मि.मी., शामगढ़ में 4.4मि.मी., संजीत में 27.0मि.मी., कयामपुर में 12.0मि.मी. एवं भावगढ़ में 5.0मि.मी वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है। विगत 1 जून से अबतक वर्षामापक केन्द्र मंदसौर में 596.0मि.मी., सीतामऊ में 771.0मि.मी. सुवासरा में 856.2मि.मी., गरोठ में 758.1मि.मी., भानपुरा में 693.2मि.मी., मल्हारगढ़ मे 634.0मि.मी., धुधंड्का में 712.0मि.मी., शामगढ़ में 1053.0मि.मी., संजीत में 607.0मि.मी., कयामपुर में 680.6 मि.मी. एवं भावगढ़ में 789.7 वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है। गांधीसागर बांध का जल स्तर अब तक 1305.20 फीट है।



## कलेक्टर ने लदुना में सीएम राइज स्कूल का निरीक्षण किया

**मंदसौर, 3 सितम्बर गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग ने लदुना में सीएम राइज स्कूल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि कोई भी बच्चे नीचे ना बैठे इस बात का विशेष ध्यान रखें। फर्नीचर की व्यवस्था करें। साथ ही सभी क्लास में लाइट की व्यवस्था भी करें। निर्माण सीएम राइज स्कूल का कार्य समय सीमा में पूर्ण करें। कार्य नक्शे के अनुरूप कार्य करें। कार्य को गुणवत्ता युक्त करें। खेल मैदान का कार्य भी समय सीमा में पूर्ण करें। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री कुमार सत्यम एवं एसडीएम श्रीमती शिवानी उपस्थित थे।



## कलेक्टर ने लदुना में किया उचित मूल्य दुकान का निरीक्षण

**मंदसौर, 3 सितम्बर गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग ने लदुना में उचित मूल्य दुकान का औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने साफ सफाई रखने के निर्देश दिए। दुकान को नियमित समय पर खोलें। दुकान विक्रेता को निर्देशित किया कि सभी पात्र हितग्राहियों को नि:शुल्क खाद्यान्न वितरण का लाभ मिलना चाहिए। खाद्यान्न स्टॉक की जानकारी ली।इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री कुमार सत्यम उपस्थित थे।

# पन्ना में पशुपालकों ने वन कर्मियों को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा, 8 घायल, 5 की हालत गंभीर

**पन्ना, 3 सितम्बर।** पन्ना के जंगल में पशुपालकों और वन कर्मियों के बीच विवाद हो गया। पशुपालकों ने वनकर्मियों को दौड़ा-दौड़ा कर लाठी-डंडों से पीटा, जिसमें 8 वनकर्मी घायल हुए हैं, इनमें 5 की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायलों का इलाज जिला अस्पताल पन्ना में चल रहा है। विवाद कोतवाली अंतर्गत मोहल्ला रानीगंज लोकपाल सागर तालाब से लगे जंगल में हुआ। घटना के बाद घायल वन कर्मियों ने पन्ना कोतवाली में शिकायत की है।

**चारागाह को लेकर विवाद**-घटना के संबंध में जानकारी देते हुए घायल वनरक्षक विनोद मौर्य ने बताया कि उत्तर वन मंडल अंतर्गत वन परिक्षेत्र पन्ना की पन्ना बीट में रानीगंज के कुछ पशुपालक प्लांटेशन की जाली तोड़कर पशुओं को अंदर कर देते थे, जिससे पौधे उजड जाते थे, कई बार रोका गया लेकिन वह नहीं माने, 2 सितंबर को लगभग 8 वनरक्षक और लगभग 10 वन सुरक्षा श्रमिक प्लांटेशन पहुंचे और पशुपालकों को समझाइश देने का प्रयास किया।

**करीब 50 से अधिक ग्रामीणों ने किया हमला**-पहले तो पशुपालक अपने घर लौट गए लेकिन शाम लगभग 6 बजे करीब 50 से अधिक लोग, जिनमें महिलाएं भी शामिल थीं, सभी लोग हाथों में लाठी- डंडा, हंसिया और कुल्हाडी लेकर पहुंच गए और वन कर्मियों पर हमला कर दिया। जिसमें लगभग 8 वनकर्मी घायल हुए हैं जिनमें 5 की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायलों का इलाज जिला चिकित्सालय पन्ना में चल रहा है। वन विभाग के एसडीओ कृष्णा मरावी ने बताया कि हमलावरों की पहचान की जा रही है जिनके खिलाफ पन्ना कोतवाली में शिकायत दर्ज करवा कर सख्त कार्रवाई करवाई जाएगी।

**जंगल में भैंसे चराने के लिए रास्ते की मांग**-स्थानीय लोगों ने बताया गया है कि यहां पशुपालकों और वन कर्मियों का विवाद काफी समय से चल रहा था। रानीगंज के दर्जनों लोगों की आजीविका का साधन पशुपालन है, जो शुरू से ही जंगल में अपनी भैंसें चराते रहे हैं, लेकिन अब वन विभाग द्वारा जगह-जगह प्लांटेशन लगाकर तार-जाली और खकरी लगा दी गई है।

**बिना चारा परेशान पशुपालक**-पशुओं को चरने के लिए जगह नहीं मिलने पर पशुपालक परेशान हैं। भैंसों को घर में बांध कर चारा भूसा खरीद कर खिलाना घाटे का सौदा साबित हो रहा है, पशुपालकों द्वारा कई बार मांग की गई कि जंगल में पशु चराने के लिए कुछ रास्ता दिया जाए लेकिन किसी के द्वारा निराकरण का प्रयास नहीं किया गया जिससे इस प्रकार की घटना सामने आई है।



## कयामपुर में 4 करोड़ रुपए की भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया

**नाहरगढ़, 3 सितम्बर गुरु एक्सप्रेस।** नाहरगढ़ स्थित सर्वे क्रमांक 850 रकबा 0.21 हश.िपर फूल माली समाज ग्राम नाहरगढ़ की समिति द्वारा एक आवेदन कलेक्टर मंदसौर को सीतामऊजनसुनवाई में दिया गया, जिसमें बताया गया अतिक्रमण कर्ताओं द्वारा उक्त शासकीय भूमि पर भूसा डाल, खंबे गाड़ कर तथा टीन शेड बनाकर, लकड़ी डालकर अतिक्रमण किया जा रहा है। जांच की जाकर उक्त भूमि सर्वे क्रमांक 850 रकबा 0.21 हे. शासकीय भूमि पर से तहसीलदार कयामपुर द्वारा अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। जिसका बाजार मूल्य लगभग 4 करोड़ रूपये है।



राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी के लिए सीतामऊ, नारायणगढ़, भानपुरा एवं गरोठ के...

# न्यायाधीश और अधिवक्ताओं की बैठक सम्पन्न

**मंदसौर, 3 सितम्बर गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी निर्देशों के अनुरूप और माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष,जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंदसौर श्री कपिल मेहता के मार्गदर्शन में, जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंदसौर सिद्धार्थ तिवारी द्वारा दिनांक 2 एवं 3 सितंबर 2024 को तहसील सीतामऊ, नारायणगढ़, गरोठ एवं भानपुरा के अभिभाषक संघ के सभागृह में तहसील न्यायालय के न्यायाधीशगण एवं अधिवक्तागण के साथ आगामी 14 सितंबर 2024 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा लंबित मोटर दुर्घटना दावा के अधिक से अधिक प्रकरणों में क्लैमेंट एवं बीमा कंपनियों के मध्य प्री सिटिंग आयोजित कर आपसी सुलह से उनके निराकरण करने हेतु निरंतर प्रयास किए जाने का आग्रह किया।इस अवसर पर उन्होंने आगामी नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने के लिए हर संभव प्रयास करने का आग्रह किया। उन्होंने मामलों के अधिक से अधिक रेफरल किए जाने , लोक अदालत नोटिसों की शीघ्र तामिली और धारा 138 परक्राम्य लिखत अधिनियम के तहत अधिकतम मामलों के निराकरण पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर बल दिया।

इस अवसर पर तहसील सीतामऊ में पदस्थ न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री विनीत साकेत, श्रीमती प्रियंका सुमन साकेत, सुश्री शुभांगी तिवारी, अध्यक्ष अभिभाषक संघ सीतामऊ श्री श्याम नारायण जोशी, तहसील नारायणगढ़ में पदस्थ न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री डालचंद, श्री सौरभ कुमार सिंह, श्रीमती साक्षी प्रसाद, अध्यक्ष तहसील अभिभाषक संघ नारायणगढ़ श्री एसएम मंसूरी , तहसील गरोठ में पदस्थ जिला न्यायाधीश श्री सुरेश सिंह जमरा , न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री राहुल दुबे, श्रीमती प्रीति पांडे, अध्यक्ष तहसील अभिभाषक संघ गरोठ अनूप शर्मा, तहसील भानपुरा में पदस्थ जिला न्यायाधीश श्री जितेंद्र कुमार पाराशर, न्यायिकमजिस्ट्रेट ऋषिराज मिश्रा, अध्यक्ष तहसील अभिभाषक संघ भानपुरा सतीश चंद्र जोशी उपस्थित रहे। इस अवसर पर समस्त अधिवक्तागण द्वारा आगामी नेशनल लोक अदालत में अपना संपूर्ण सहयोग प्रदान किए जाने हेतु आश्वस्त किया।

# पोषण माह अंतर्गत कार्यशाला सम्पन्न



**मंदसौर, 3 सितम्बर गुरु एक्सप्रेस।** इंदिरा शासकीय कन्या महाविद्यालय में पोषण माह अंतर्गत पोषण संबंधित गतिविधियों का आयोजन कॉलेज शिक्षा विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग के समन्वय से किया गया।जिसमें उपस्थित समस्त विद्यार्थियों को पोषण के महत्व के बारे में बताया गया एवं एनीमिया से बचाव के उपाय बताए गए। कार्यक्रम का संचालन मुख्य रूप से डॉक्टर अनुराग आर्य द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सहायक प्राध्यापक श्रीमती राजश्री ठाकुर, जिला समन्वयक महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती ममता खींची, डॉक्टरश्रीमती कविता बुंदेला, सहायक प्राध्यापकडॉ नौरीन, डॉक्टर अनुराग आर्य, डॉ दिलीप कांडलिया कंदील डॉ, खेल अधिकारी डॉक्टर मनीष पांचाल, डॉ स्मिता मंडलोई, डॉ अंजलि जैन,डॉ माया आर्य, श्री शिवम रावत उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान श्रीमती ठाकुर द्वारा विद्यार्थियों को अपने अच्छे खान-पान और देखभाल के बारे में बताया गया। जिला समन्वयक ममता खींची द्वारा उपस्थित समस्त छात्राओं को एनीमिया से बचाव एवं उपचार के तरीके बताए गए। पोषण का महत्व बताते हुए अच्छे खान पान और नियमित रूप से व्यायाम करने की समझाइए दी गई। आंगनबाड़ी की सेवाएं लेने हेतु उन्हें प्रेरित किया गया कार्यक्रम के अंत में श्री अनुराग आर्य द्वारा एक पेड मां के नाम अभियान के तहत सभी को पेड लगाने एवं उसका संरक्षण किए जाने की शपथ दिलाई गई।

# पेरिस पैरालंपिक 2024: भारत का ऐतिहासिक प्रदर्शन, एक ही दिन में 2 गोल्ड सहित जीते 8 मेडल

**नई दिल्ली, 3 सितम्बर।** भारत खिलाड़ियों ने 2 सितंबर, सोमवार को पेरिस पैरालंपिक में ऐतिहासिक प्रदर्शन किया। भारत ने इस दिन 2 गोल्ड मेडल समेत 8 मेडल जीत लिए। पैरा शटलर नितेश कुमार ने भारत के लिए दिन का पहला गोल्ड जीता तो सुमित अंतिल ने जेवलिन थ्रो का सोना अपने नाम किया। इसके साथ ही भारत ने मेडल टैली में एक ही दिन में 15 स्थान की छलांग लगाई और 15वें स्थान पर आ बैठा। भारत ने सोमवार को 3 सिल्वर और 3 ब्रॉन्ज मेडल भी जीते। इस तरह भारतीय खिलाड़ियों ने 2 सितंबर 2024 को यादगार बना दिया।

भारत अब पैरालंपिक में अपने बेस्ट परफॉर्मेंस की ओर बढ चला है। भारत ने पेरिस गेम्स 2024 में अब तक 3 गोल्ड समेत 15 मेडल जीत लिए हैं और मेडल टैली में टॉप-15 में शामिल है। भारतीय दल ने तीन साल पहले टोक्यो पैरालंपिक में 5 गोल्ड समेत 19 मेडल जीते थे। भारत को 2 सितंबर को पहला गोल्ड 29 साल के नितेश कुमार ने पैरा बैडमिंटन एसएल-3 कैटेगरी में दिलाया। आईआईटी मंडी से इंजीनियरिंग करने वाले हरियाणा के नितेश ने ब्रिटेन के बेथेल को एक घंटे और 20 मिनट चले मुकाबले में 21-14 18-21 23-21 से हराया। 26 वर्ष के सुमित अंतिल ने एफ64 जेवलिन थ्रो में 70।59 मीटर के पैरालंपिक रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता। सोनीपत के विश्व रिकॉर्डधारी सुमित ने अपना ही 68।55 मीटर का अपना ही पैरालंपिक रिकॉर्ड बेहतर किया जो उन्होंने तीन साल पहले टोक्यो में बनाया था। उनका विश्व रिकॉर्ड 73।29 मीटर थ्रो का है। भारतीय तीरंदाज शीतल देवी और राकेश कुमार की जोडी ने मिक्स्ड टीम कंपाउंड ओपन इवेंट में इटली के मातेओ बोनासिना और एलेओनोरा सारती को 156-155 से हराकर ब्रॉन्ज मेडल जीत लिया। शीतल तीरंदाजी में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बर्नी। भारत को जीत तब मिली जब 17 वर्ष की शीतल का शॉट रिवीजन के बाद अपग्रेड कर दिया गया। चार तीर बाकी रहते भारतीय जोड़ी एक अंक से पिछड़ रही थी लेकिन आखिर में संयम के साथ खेलते हुए जीत दर्ज की। भारतीयों ने 10, 9, 10, 10 स्कोर किया जबकि इटली की टीम ने 9, 9, 10, 10 स्कोर किया। भारत के योगेश कथुनिया ने डिस्कस थ्रो और सुहास यथिराज और तुलसीमति मुरुगेसन (एसयू5) ने बैडमिंटन में सिल्वर मेडल जीते। योगेश कथुनिया ने पेरिस पैरालंपिक में एफ56 के डिस्कस के इवेंट में 42।22 मीटर थ्रो कर सिल्वर मेडल अपने नाम किया। यह उनका इस सीजन का बेस्ट प्रदर्शन भी है। कथुनिया ने इससे पहले टोक्यो पैरालंपिक में भी इस स्पर्धा का रजत पदक जीता था।



बैडमिंटन में महिला सिंगल्स में 22 साल की तुलसीमति को फाइनल में चीन की गत चैंपियन यैंग कियू शिया के खिलाफ 17-21 10-21 से हार का सामना करना पड़ा। इस तरह टॉप सीड तुलसीमति को सिल्वर मेडल से संतोष करना पड़ा। दूसरी सीड मनीषा ने डेनमार्क की तीसरी वरीय कैथरीन रोसेनग्रेन को 21-12 21-8 से हराकर कांस्य पदक जीता। नित्या सिवन ने भी बैडमिंटन में ही एसएच 6 कैटेगरी का ब्रॉन्ज मेडल जीता।

## नापतौल विभाग द्वारा की गई कार्यवाही में 16 लाख का राजस्व प्राप्त हुआ

**मंदसौर, 3 सितम्बर गुरु एक्सप्रेस।** श्री भारत भूषण निरीक्षण नापतौल विभाग द्वारा बताया कि माह अप्रेल 2024 से अगस्त 2024 तक लगभग 16 लाख 14 हजार 510 रूपये का राजस्व प्राप्त किया। जिसमें नापतौल के सत्यापन / पुन: सत्यापन एवं मुद्रांकन से रूपये 9 लाख 60 हजार 610 रूपये का शुल्क प्राप्त किया साथ ही जिले में 245 दुकानों एवं संस्थानों का निरीक्षण कर नापतौल उपकरणों और पैकज वस्तुओं में अनियमित्ताऐं पाये जाने पर कुल 81 अपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध किये गए और 609600 रूपये का अर्थदण्ड के रूप में वसूल किये गये।

# दंतेवाड़ा में सुरक्षा बलों और नक्सलियों में मुठभेड़ जारी, 9 नक्सली मारे गये



**दंतेवाड़ा, 3 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा से एक बड़ी खबर सामने आई है। यहां आज सुबह से भारतीय जवानों और नक्सलियों के बीच जबरदस्त मुठभेड़ चल रही है। इस मुठभेड़ में जवानों ने 9 वर्दीधारी नक्सलियों को मार गिराया है। यह मुठभेड़ दंतेवाड़ा और बीजापुर सीमावर्ती क्षेत्र के पश्चिम बस्तर डिवीजन में हुई। इसकी पुष्टि दंतेवाड़ा के स्क्र गौरव राय ने की है।

दंतेवाड़ा जिले के एसपी गौरव राय ने बताया कि पुलिस को एक खबरी से जानकारी मिली थी। उसने बताया कि बैलाडीला की पहाडियों के नीचे पुरंगेल, लोहा गांव के पास नक्सली हैं। जानकारी मिलते ही डीआरजी और सीआरपीएफ के जवानों की टीम ने इलाके में सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया। गौरव राय ने आगे बताया कि तलाशी अभियान के दौरान जैसे ही जवानों की टीम नक्सलियों के कोर इलाके में घुसी, उन्होंने जवानों पर फायरिंग शुरू कर दी। इसके जवाब में जवानों ने भी फायरिंग की।

**सुरक्षाबलों का सर्च अभियान जारी**-एसपी गौरव राय ने बताया कि मंगलवार सुबह 6 बजे से सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड जारी है। इलाके में सुबह से लगातार रुक-रुक कर फायरिंग हो रही है। मुठभेड के साथ-साथ सुरक्षाबलों का सर्च अभियान भी जारी है। भारतीय जवानों ने पश्चिम बस्तर डिवीजन कमेटी के नक्सलियों को चारों तरफ से घेर लिया है।

# कलेक्टर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीतामऊ का निरीक्षण किया

**मंदसौर, 3 सितम्बर गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीतामऊ का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर को निर्देश देते हुए कहा कि अस्पताल के बाहर ही एनएनसी जांच एवं आयुष्मान केंद्र शुरू किया जाए। जिससे आम व्यक्ति आसानी से अस्पताल के मुख्य द्वार से ही इन दोनों सुविधाओं का लाभ प्राप्त कर सके। नगर पालिका सीएमओ तथा एसडीओपी को निर्देश देते हुए कहा कि अस्पताल परिसर के आसपास के रास्ते पर हो रहे अतिक्रमण को तुरंत हटवाए। इसके साथ ही कलेक्टर ने ओपीडी कक्ष, इमरजैंसी रूम, चिकित्सा कक्ष, पंजीयन काउंटर, टीकाकरण कक्ष, एनएनसी जांच कक्ष, एक्सरे कक्ष, जननी सुरक्षा कक्ष, महिला वार्ड, पुरुष वार्ड, पोषण पुनर्वास केंद्र, प्रस्तुति गृह का भी निरीक्षण किया। पोषण पुनर्वास केंद्र के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने बच्चों से संवाद किया। बीएमओ को निर्देश दिए की अस्पताल में रुचि के साथ कार्य करें तथा सभी व्यवस्थाओं को बेहतर करें। निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री कुमार सत्यम, सीतामऊएसडीएम श्रीमती गर्ग मौजूद थे। इसके पश्चात कलेक्टर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीतामऊ की निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण किया तथा कार्य जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए।



स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक- आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in